कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये जनपद न्यायालय, हमीरपुर के प्रांगण में नियत स्थान पर फोटो कापी मशीन के कार्य की नीलामी दिनांक 06.03.2024 को समय सायं 4.00 बजे नियत की गयी है। उक्त तिथि के अन्दर इच्छुक व्यक्ति निम्न शर्तो सहित आवेदन पत्र दाखिल करने हेतु दिनांक 06.03.2024 को समय 1.00 बजे अपरान्ह तक प्रस्तुत कर सकते है। न्यूनतम बोली मु0 101992/– (एक लाख एक हजार नौ सौ बानबे रुपये) से प्रारम्भ होगी और इस धनराशि से कम की बोली स्वीकार नही होगी। प्रत्येक बोलीदाता को जमानत धनराशि के रुप में मु0 10,000/– रुपये (दस हजार रुपये) बोली बोलने के पूर्व जमा करनी होगी।

उपरोक्त कार्य के लिये जिस व्यक्ति की बोली अधिक होगी वह स्वीकार की जायेगी तथा उसे सम्पूर्ण धनराशि का 1/4 अग्रिम किस्त के रुप में तुरन्त कार्य आरम्भ करने के पूर्व जमा करना होगा तथा उसे अपने कार्यो का लिखित अनुबन्ध पत्र भी दाखिल करना पड़ेगा। उसके द्वारा जो जमानत धनराशि जमा की जायेगी उसे इस कार्यालय में जमा कर लिया जायेगा, जिसे अन्तिम किस्त में समायोजित किया जायेगा। नीलामी स्वीकृति की तारीख से सात दिनों के अन्दर ठेकेदार को अपना हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर ठेके की सम्पूर्ण धनराशि कार्य करने के पूर्व इस कार्यालय में जमा करनी होगी।

छायाप्रति मशीन दुकान से सम्बन्धित कार्य करने की अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी नज़ारत अनुभाग से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

अध्यक्ष 22.02.24
नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।

सूचनार्थ प्रतियां निम्न को प्रेषितः–

1. श्रीमान ओ0एस0डी0(कम्यूटर)मा0उ0 न्यायालय,इलाहाबाद को मा0उ0 न्यायालय की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने के अनुरोध सहित।
2. मा0 जनपद न्यायाधीश,हमीरपुर को सूचनार्थ।
3. .कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर।
4. जनपद न्यायालय,हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. नगर पालिका, हमीरपुर। 22-2-2024
6. लोकनिर्माण विभाग, हमीरपुर। 22/2/24
7. जनपद न्यायालय,कानपुर नगर को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय,कानपुर देहात को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
9. जनपद न्यायालय,जालौन स्थान उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
10. जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशन हेतु। 22-2-24
11. सिस्टम ऑफिसर जनपद न्यायालय हमीरपुर को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय हमीरपुर की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किए जाने हेतु 22-02-24

अध्यक्ष 22-02-24
नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।

(3) 22/02